Std. IV. Hindi Lang.विस्मयादिबोधक

प्रश्न 1.विस्मयादिबोधक की परिभाषा लिखें।

उत्तर-- जो शब्द वाक्य में आश्चर्य, हर्ष, शोक,घृणा आदि भावों को बताए, उसे विस्मयादिबोधक कहते हैं।

ऐसे शब्दों के साथ विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है।

जैसे-- अरे! यह क्या हो गया?

शाबाश! तुम कक्षा में प्रथम आए।

प्रश्न 2.नीचे लिखे वाक्यों से विस्मयादिबोधक शब्दों को चुनकर लिखिए।

1. ओह! मुझे चोट लग गई। -- ओह!

2. अहा ! हम मैच जीत गए। -- अहा!

3. अरे ! तुम कब आये?-- अरे!

4. छिः! कितनी गंदी जगह है ये। -- छिः !

5. शाबाश! तुमने बहुत अच्छा काम किया। -- शाबाश!

6. हाय! दादाजी चल बसे। -- हाय!

7. वाह! कितना मधुर गीत है। -- वाह!

8. काश! मैं भी तुम्हारे साथ चल सकती। -- काश!

9. बाप रे बाप! इतना बड़ा मगरमच्छ।-- बाप रे बाप !

10. उफ़! आज बहुत गर्मी है। -- उफ़!

प्रश्न 3. विस्मयादिबोधक शब्दों से रिक्त स्थान भरिए।

1. ------- तुम्हें क्या हो गया था ?

उत्तर -- हे राम !

2 . ------- मुझे तुम पर गर्व है।

उत्तर -- शाबाश !

3.--------  क्या तुम्हें मालूम नहीं ?

उत्तर -- अरे !

4. -------- हमारी रक्षा करें।

उत्तर -- हे भगवान !

5. ------- मेरे घर में चोर घुस आए।

उत्तर -- हाय !

6. --------  कितना सुंदर महल है ।

उत्तर -- वाह !